Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांक–BMSIC/80040/13-2021 दिनांकः–........../01/2024

प्रेषक,

उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)
BMSICL, Patna.

सेवा में,

Sumit Sanskityan,
Shakarwar Tola, Ward No.-16,
Mokama, Patna, Bihar

विषय– अररिया जिलान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र–46, 47 एवं 48 के अन्तर्गत विभिन्न अस्पताल भवनों का निर्माण कराये जा रहे 15 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, 03 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के डिबार करने के संबंध में।

**प्रसंगः**– निगम के क्षेत्रीय कार्यालय का पत्रांकः–273 दिनांकः–10.03.2023, पत्रांकः–354 दिनांकः–08.05.2023, पत्रांकः–418 दिनांकः–03.06.2023, पत्रांकः–454 दिनांकः–22.06.2023, पत्रांकः–576 दिनांकः–10.08.2023 एवं पत्रांकः–776 दिनांकः–13.12.2023

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्रों के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित परियोजना का कार्यादेश दिनांकः–28.01.2022 को निर्गत किया गया है।

विदित है कि एकरारनामानुसार विषयांकित परियोजना के कार्य पूर्ण करने की तिथि 27.04.2023 निर्धारित था परन्तु लगभग 09 माह समाप्त हो जाने के उपरांत भी भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। जिसके संबंध में संबंधित क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक (परि0), पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के पत्रांकः–273 दिनांकः–10.03.2023 एवं पत्रांकः–354 दिनांकः–08.05.2023 के माध्यम से निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेशित किया गया था, फिर भी आपके द्वारा परियोजना में समानुपातिक प्रगति लाने की दिशा में कोई समुचित प्रयास नहीं किया गया।

2. उक्त विषयांकित परियोजना में अप्रत्याशित विलंब के फलस्वरूप क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक (परि0), पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के पत्रांकः–418 दिनांकः–03.06.2023, पत्रांकः–454 दिनांकः–22.06.2023, पत्रांकः–576 दिनांकः–10.08.2023 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछा गया। पूछे गये स्पष्टीकरण प्रतिउत्तर आपके द्वारा अभी तक समर्पित नहीं किया गया एवं वर्त्तमान में बिना कारण आपके द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है।

3. उल्लेखनीय है कि कार्यादेश में प्रावधानित कार्यपूर्णता की तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् भी अभी तक आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। साथ ही साथ वर्त्तमान में बिना कारण के कार्य बंद कर दिया गया है। जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा जानबूझकर परियोजना को पूर्ण करने की दिशा में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका है।

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

4. आपके द्वारा निर्धारित अवधि बीत जाने के उपरांत भी कार्य समाप्त नहीं होने एवं वर्त्तमान में उक्त विषयांकित परियोजना के निर्माण कार्य बन्द कर देने के फलस्वरूप क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक (परि0), पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के पत्रांकः—776 दिनांकः—13.12.2023 के माध्यम से संवेदक को एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार करने की अनुशंसा के साथ निर्माणाधीन कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए अन्यथा विषयांकित कार्य का एकरारनामा रद्द करते हुए सुरक्षित जमा राशि जब्त करने की कार्रवाई की अनुशंसा की गई है, जिसकी प्रति आपको भी प्रेषित करते हुए निदेश दिया गया है कि अविलंब सभी कार्य प्रारंभ करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।

5. आपको निदेश दिया जाता है कि कार्य प्रारंभ करते हुए पुनरीक्षित Work Programme उप महाप्रबंधक (परि0), पूर्णियाँ के माध्यम से समर्पित करें।

अतः उपरोक्त विषयांकित कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण **बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका 11 (क) (ii)** में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत आपके फर्म को कार्य पूर्ण होने तक किसी भी निविदा में भाग लेने से **(डिबार) किया जाता है**।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/—

उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)

ज्ञापांकः— BMSIC/80040/13-2021/ दिनांकः........../01/2024

प्रतिलिपिः— मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)/महाप्रबंधक (परि0)/महाप्रबंधक (वित्त)/ उप महाप्रबंधक (मु0), सभी क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक (परि0), BMSICL, पटना/पर्यवेक्षण परामर्शी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/—

उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)

ज्ञापांकः— BMSIC/80040/13-2021/ दिनांकः........../01/2024

प्रतिलिपिः—सिविल सर्जन, अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—

उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)

ज्ञापांकः— BMSIC/80040/13-2021/ दिनांकः........../...01/2024

प्रतिलिपिः—जिला पदाधिकारी, अररिया को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/—

उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)

ज्ञापांकः– BMSIC/80040/13-2021/ दिनांकः........./01/2024

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, उर्जा विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उधोग भवन, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उधोग भवन, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)

ज्ञापांकः– BMSIC/80040/13-2021/ दिनांकः........./01/2024

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, BMSICL, **पटना** के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)

ज्ञापांकः– BMSIC/80040/13-2021/ 8826 दिनांकः 22/01/2024

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक(सिस्टम), BMSICL, **पटना** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के बेवसाइट पर संवेदक को डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

22/01/24
उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय)